OTTAWA-CARLETON
DISTRICT SCHOOL BOARD

न्यू हाफ मून बे 2 स्कूल: नए परिवारों के लिए जानकारी

हमारे नए स्कूल में आपका स्वागत है! हम सितंबर में आपके बच्चे को मिलने की उम्मीद करते हैं।

989 किलबर्नी ड्राइव (989 Kilbirnie Drive) पर हमारा स्कूल वर्तमान में निर्माणाधीन है। यह जनवरी 2024 में खुलने के लिए नियत है। छात्र हमारे अस्थायी स्थान 595 मूडी ड्राइव (595 Moodie Dr), नेपियन, ओंटैरियो (D.A. Moodie Public School) में वर्ष की शुरुआत करेंगे।

रजिस्ट्रेशन

हॉफ मून बे में पहले से ही नामांकित छात्र स्वचालित रूप से हमारे नए स्कूल के लिए रजिस्टर किए जाएंगे। कोई अतिरिक्त रजिस्ट्रेशन फॉर्मों की आवश्यकता नहीं है। यदि आपका बच्चा किंडरगार्टन शुरू कर रहा है, या हमारे समुदाय में नया है, तो आपको अपना रजिस्ट्रेशन पूरा करते समय **न्यू हाफ मून बे 2** के लिए रजिस्टर करना चाहिए।

इक्स्टेन्डिड डे प्रोग्राम: स्कूल से पहले और बाद में वैकल्पिक चाइल्ड केयर

हमारा स्कूल छात्रों के लिए स्कूल से पहले और बाद में चाइल्ड केयर के लिए इक्स्टेन्डिड डे प्रोग्राम चलाएगा। इक्स्टेन्डिड डे प्रोग्राम सुबह 7:00 बजे से स्कूल शुरू होने तक और स्कूल खत्म होने से शाम 6:00 बजे तक चलता है। माता-पिता अपने बच्चों को सुबह, दोपहर, या दोनों के लिए रजिस्टर कर सकते हैं।

यह किफ़ायती और उच्च गुणवत्ता वाला कार्यक्रम सभी स्कूली दिनों में चलेगा और चुने हुए व्यावसायिक गतिविधि (professional activity) के दिनों के लिए उपलब्ध होगा।

ट्रांस्पोर्टेशन

छात्र ट्रांस्पोर्टेशन के लिए औटवा स्टूडेंट ट्रांस्पोर्टेशन अथॉरिटी (OSTA) जिम्मेदार है। हमारे स्कूल में पढ़ने वाले सभी छात्र अस्थायी डी.ए. मूडी (D.A. Moodie) लोकेशन के लिए बसिंग के पात्र होंगे। आपको अगस्त के अंत में OSTA वेबसाइट पर अपने बस रूट के बारे में जानकारी प्राप्त होगी।

माता-पिता को OSTA पेरैंट पोर्टल में बस रूटों, बस स्टॉपों की जानकारी की समीक्षा करने के लिए एक अकाउन्ट के लिए साइन अप करना चाहिए और देरी और रद्दीकरणों के बारे में सूचनाओं के लिए सब्स्क्राइब करना चाहिए।

स्कूल का नाम

हमें अपने स्कूल के नाम के बारे में प्रश्न प्राप्त हुए हैं। न्यू हाफ मून बे 2 हमारे स्कूल के लिए अस्थायी नाम है। हम जून के अंत में अपने नए स्कूल के नाम की घोषणा करने के लिए उत्साहित हैं।

प्रश्न?

नए स्कूल के बारे में नवीनतम समाचार प्राप्त करने के लिए कृपया हाफ मून बे वेबसाइट पर हमारे पेज को बुकमार्क कर लें। यदि आपके कोई प्रश्न हैं, तो कृपया new halfmoonbayes2@ocdsb.ca पर ईमेल द्वारा या 613-843-7722 एक्सटेंशन 2600 पर फोन के द्वारा हमसे संपर्क करें।